
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

26 जुलाई 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जो सीखना नहीं छोड़ता वही जीवन में आगे बढ़ता है।

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **26.07.2026**

## कथात्मक शैली

कथात्मक शैली वह शिक्षण या लेखन शैली है जिसमें किसी विषय को कहानी, घटना, प्रसंग या अनुभव के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। इससे विषय अधिक रोचक, सरल और यादगार बन जाता है। कथात्मक शैली वह शैली है जिसमें किसी विषयवस्तु को क्रमबद्ध घटनाओं, पात्रों और संवादों के माध्यम से कहानी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**सीजेपी आंदोलन** के दबाव के कारण भारत सरकार ने पूर्व आईआईटीएन और **सीनियर आईएएस ऑफिसर नरेश पाल गंगवार** को नया **एजुकेशन सेक्रेटरी** नियुक्त किया है।

TEACHERS OF BIHAR – THE CHANGE MAKERS

# TOB
# खेल कॉर्नर

इंटरनेशनल में

## फिफ्टी लगाने वाले यंगेस्ट प्लेयर

| क्रम | खिलाड़ी | देश | साल | विरुद्ध | उम्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 |  वैभव सूर्यवंशी | भारत | 2026 | Vs जिम्बाब्वे | 15 साल 118 दिन |
| 02 |  सचिन तेंदुलकर | भारत | 1989 | Vs पाकिस्तान | 16 साल 213 दिन |
| 03 |  शाहिद अफरीदी | पाकिस्तान | 1996 | Vs श्रीलंका | 16 साल 214 दिन |
| 04 |  मुश्ताक मोहम्मद | पाकिस्तान | 1960 | Vs भारत | 16 साल 89 दिन |
| 05 |  मोहम्मद अशरफुल | बांग्लादेश | 2001 | Vs श्रीलंका | 16 साल 118 दिन |

*नोट- ऊपर दिए गए आंकड़े फुल मेंबर देशों के हैं।*

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

**The change makers**

## 26 जुलाई

26 जुलाई

**का इतिहास, जन्म और निधन**

### 26 जुलाई की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1997** • श्रीलंका ने 'एशिया कप' जीता, खमेर रूज के नेता पोलपोट को आजीवन कारावास।
- **1998** • महानतम महिला एथलीट जैकी जायानर कर्सी ने एथलेटिक्स से सन्न्यास लिया।
- **2000** • फिजी में विद्रोही नेता जार्ज स्पीट को सेना ने गिरफ्तार किया।
- **2002** • इंडोनेशिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति सुहातों के पुत्र को 15 वर्ष के कारावास की सज़ा सुनायी।
  • प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य निशानेबाज़ी चैंप्पियनशिप प्रारम्भ हुई।
- **2004** • ईरान के विदेश मंत्री कमल करज़ई ने भारतीय प्रधानमंत्री के साथ गैस पाइप लाइन के प्रस्ताव पर वार्ता की। अर्जन्टीना को हराकर फुटबाल का कोपा कप ब्राजील ने जीता।
- **2005** • नासा शटल डिस्कवरी का प्रक्षेपण।
- **2006** • लेबनान में इंझायल हमलें में चार संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षक मारे गये।
- **2007** • पाकिस्तान ने परमाणु शक्ति सम्यन्त्र क्रूज मिसाइल बाबर हतफ़-7 का सफल परीक्षण किया।
- **2008** • यूरोपीय बैज्ञानिकों ने सौरमंडल के बाहर एक और नये ग्रह की खोज की।

### 26 जुलाई को जन्मे व्यक्ति

- **1915** • कृष्ण पट्टाभि जोइस - प्रसिद्ध भारतीय योगाचार्य थे।
- **1914** • विद्यावती 'कोकिल' - भारत की प्रसिद्ध कवयित्रियों में से एक।
- **1904** • मालती चौधरी - भारतीय स्वतंत्रता सेनानी तथा गाँधीवादी थीं।
- **1874** • छत्रपति साहू महाराज - महाराष्ट्र के प्रसिद्ध समाज सुधारक और दलितों के हितेषी।

### 26 जुलाई को हुए निधन

- **2013** • उबैद सिद्दिकी - भारतीय राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसर और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के संस्थापक-निदेशक थे।
- **1983** • सत्य नारायण सिन्हा - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रसिद्ध राजनेता तथा संसदीय मामलों के मंत्री थे।
- **1966** • वासुदेव शरण अग्रवाल - भारत के प्रसिद्ध विद्वान।


Madhu priya

**• इतिहास हमें प्रेरणा देता है, घटनाएँ हमें सीख देती हैं और व्यक्तित्व हमें आगे बढ़ने की राह दिखाते हैं!**

# दिवस विशेष

मधु प्रिया

# कारगिल विजय दिवस



★ ★ ★

**26 जुलाई**

कारगिल के वीर शहीदों को
शत्-शत् नमन,
जिनकी बहादुरी से लहराया
विजय का तिरंगा।




उनकी शौर्य गाथा हमें हमेशा
देशभक्ति, साहस और एकता की
प्रेरणा देती रहेगी।

जय हिन्द! वंदे मातरम्!




★ ★ ★

हमारा तिरंगा, हमारा गर्व

शब्दों की कोमलता, भावों की मधुरता और गीतों की अमर साधिका



प्रसिद्ध कवयित्री, गीतकार
एवं साहित्य साधिका

# विद्यावती 'कोकिल'

की जयंती पर

## विनम्र श्रद्धांजलि

**26 जुलाई, 1914**
**मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश**

विद्यावती 'कोकिल' को भारत की प्रसिद्ध कवयित्रियों में विशेष स्थान प्राप्त है। उनकी प्रारम्भिक रचनाओं का प्रथम काव्य-संकलन प्रणय, प्रगति एवं जीवनानुभूति के हृदयग्राही गीतों के संग्रह-रूप में प्रकाशित हुआ था। कोकिल जी मूलतः एक गीतकार थीं।

### उनकी रचनाओं की विशेषताऐं

- भावों की कोमलता और भाषा की सरलता
- प्रेम, प्रकृति और जीवन के सत्य का अद्भुत चित्रण
- गीतों में मधुरता और हृदय को छू लेने वाली संवेदनाऐं
- हिंदी साहित्य में अविस्मरणीय योगदान

Madhu priya

" उनकी कविताऐं आज भी पाठकों के हृदय को स्पर्श करती हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। "

www .teachersofbihar.org